दैनिक भास्कर

ग्वालियर 04-03-2022

केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट : बेतवा कछार में मप्र का काम शुरू, केन का काम केंद्र करेगा

भास्कर न्यूज़ | भोपाल. केन-बेतवा नेशनल लिंक प्रोजेक्ट के लिए दिल्ली में जल्द ही संचालन समिति (स्टेयरिंग कमेटी) की मीटिंग होने वाली है। इसकी अध्यक्षता केंद्र सरकार के सचिव करेंगे। इसमें तमाम संबंधित मंत्रालयों के सचिवों के साथ मप्र की तरफ से जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा और इंजीनियर इन चीफ एमएस डावर शामिल होंगे। इस मीटिंग से पहले भू-अर्जन के करीब 900 करोड़ मिलने की संभावना है। मप्र की तरफ से बेतवा नदी के कछार में बांधों का निर्माण शुरू हो गया है। केन के क्षेत्र का काम केंद्र सरकार को करना है। मप्र अब तक तकरीबन 3000 करोड़ रुपए खर्च चुकी है। केंद्र से भू-अर्जन के लगभग नौ सौ करोड़ और कैंपा फंड से लगभग ढाई से तीन हजार करोड़ रुपए इसी वित्तीय वर्ष में मिलने हैं।